# एक साल पूरा होने पर राज्यपाल से मिले कुलपति प्रो. ओंकार सिंह

देहरादून। उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कुलपति के रूप में एक साल पूरा होने पर राज्यपाल से मिलकर एक साल के कार्यों की जानकारी दी। बताया, विवि ने साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में बीटेक शुरू कर इस क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी की स्थापना की है। आईएमए संग मिलकर पीजी डिप्लोमा इन मिलिट्री स्टडीज एंड डिफेंस मैनेजमेंट को संचालित कर सैन्य शिक्षा क्षेत्र में मजबूत पहल की है। शैक्षिक कार्यक्रमों को गुणवत्तापरक बनाने के साथ अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम को लागू किया गया है। इसके माध्यम से छात्रों की कक्षाओं में दैनिक उपस्थिति की वेब पोर्टल से निगरानी की जा रही है। ब्यूरो